के दौरान देश में 2500 टी.सी.डी. (टन चीनी प्रतिदिन) क्षमता की नई चीनी फैक्टरियां स्थापित करने के लिए 60 आशय पत्र जारी किए गए हैं।

(ग) वित्तीय संस्थाओं द्वारा नई चीनी फैक्ट्रियों की स्थापना के लिए अवधि ऋण देने से इन्कार नहीं किया गया है। तथापि, इन संस्थाओं ने मुख्यत: परियोजना लागत में तेजी से वृद्धि के कारण इन चीनी फैक्ट्रियों की व्यवहार्यता पर संदेह व्यक्त किया है। भारतीय औद्योगिक वित्त निगम से इस संबंध में एक रिपोर्ट प्राप्त हुई है, जिसकी जांच की जा रही है।

आगरा में पुरातात्विक भवनों का अनुरक्षण

2338. श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मोम अफजल : क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार द्वारा आगरा में पुरातत्व विभाग के अधिकार क्षेत्र के अधीन आने वाले स्मारकों के अनुरक्षण, उनकी मरम्मत और सुरक्षा के लिए क्या कार्यवाही की जा रही है ; और

(ख) पुरातत्व विभाग द्वारा गत तीन वर्षों के दौरान इन स्मारकों की मरम्मत पर प्रतिवर्ष प्रति स्मारक कितनी राशि खर्च की जा रही है ?

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री अर्जुन सिंह) : (क) भावी पीढ़ियों के लिए केन्द्रीय संरक्षित स्मारकों के परिरक्षण की दृष्टि से, उनके रख रखाव के अलावा, उनकी वास्तविक आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं के आधार पर संरक्षण के उपाय किए जाते हैं।

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान स्मारकों के रख-रखाव तथा संरक्षण पर हुए व्यय का ब्यौरा विवरण में दिया गया है।

विवरण

आगरा में पुरातात्विक भवनों का अनुरक्षण

क्र०सं०	स्मारकों के नाम	1988–89	1989–90	1990–91
		रु०	रु०	रु०
1.	ताज महल, आगरा	33,00,000	10,78,000	2,00,0000
2.	आगरा किला	6,44,000	11,60,000	9,49,000
3.	फतेहपुर सीकरी परिसर	5,98,000	6,37,000	10,84,000
4.	राम बाग, आगरा	89,537	58,266	1,31,263
5.	अकबर का मकबरा, सिकदरा	5,67,434	3,56,862	7,63,685
6.	इत्माद-उद्-दौला का मकबरा, आगरा	99,656	1,26,141	2,56,774

7.	विशाल ईदगाह, आगरा	95,001	8,398	14,279
8.	जसवंत की छतरी, पजबाड़ा	21,080	32,959	—
9.	मरियम का मकबरा, सिकदरा	1,03,335	31,885	23,998
10.	सादिक खान सलाबत खान का मकबरा, गेलेन	65,547	75,706	13,011
11.	ढकरी का महल, गोपालपुरा	43,343	41,129	—
12.	चीनी का रोजा आगरा	2,169	21,340	1,05,535
13.	जागनेर किला, जागनेर	6,730	5,032	4,772
14.	फिरोज खान का मकबरा, आगरा	1,674	18,913	23,551
15.	रोमन कथोलिक कब्रिस्तान लस्करपुर तथा सादी-का-नगला	12,207	13,188	61,263
16.	जामा मस्जिद, आगरा	6,639	41,309	18,610
17.	हुमायूं मस्जिद, कचपुरा	—	6,680	42,275
18.	बुढ़िया का ताल स्थित स्मारक	—	1,212	—

समेकित बाल विकास योजनाओं का कार्यान्वयन

2339. **श्री ईश दत्त यादव:** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश के आजमगढ़, मऊ, गाजीपुर और सुल्तानपुर जिलों में समेकित बाल विकास योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए निर्धारित किए गए लक्ष्यों को प्राप्त नहीं किया जा सका है ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ; और

(ग) यदि नहीं, तो पिछले पांच वर्षों के दौरान क्या लक्ष्य निर्धारित किए गए थे तथा उन्हें कहां तक प्राप्त किया गया है ।

मानव संसाधन विकास (युवा कार्य और खेल विभाग) मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा मानव संसाधन विकास मंत्रालय (महिला और बाल विकास विभाग) में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (कुमारी ममता बनर्जी):

(क) जी, नहीं । इन सभी जिलों में परियोजनाएं चलाई जा रही हैं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ मऊ, गाजीपुर और सुल्तानपुर जिलों में चलाई जाने वाली समेकित बाल विकास सेवा परियोजनाओं के संदर्भ में वर्षवार लक्ष्य और उपलब्धियां निम्नानुसार हैं